दिन– सोमवार  दिनांक– 30 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के मतों की गणना जारी। पांच सौ अड़तीस उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– हथियारबंद माओवादियों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा तथा बांका जिले में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

प्रदेश में छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के मतों की गणना जारी है। सबसे पहले ई–वोटिंग के तहत दिये गये मतों की गिनती की जा रही है। इसके बाद ईवीएम के वोट गिने जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार छब्बीस जिलों के सभी संबंधित अनुमंडलों में मतगणना हो रही है। दोपहर बाद तक परिणाम आने की सम्भावना है। इस चुनाव में पांच सौ अड़तीस उम्मीदवार मैदान में हैं। निकाय चुनाव में नौ उम्मीदवार र्निविरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि तीन पदों पर उच्च न्यायालय के आदेश के कारण निर्वाचन स्थगित कर दिया गया है। एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद, सात मुख्य पार्षद और आठ उपमुख्य पार्षद के लिए अट्ठाईस जून को मतदान हुआ था। देश में पहली बार बिहार में मोबाईल एप के जरिए ई–वोटिंग हुई, जिसके लिए पचास हजार से ज्यादा मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। पंजीकृत सत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि वे बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे बल्कि वे बिहार के लिए चुनाव लड़ेंगे। नालंदा जिले के राजगीर में कल एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव के लिए इंडी गठबंधन की चुनावी घोषणा पत्र की साझा संकल्प पत्र उप समिति की बैठक आज पटना में होगी। इस समिति में राजद सांसद मनोज झा, कांग्रेस के अमिताभ दुबे, भाकपा–माले की मीना तिवारी, भाकपा के जब्बार आलम और वीआईपी के प्रोफेसर दिनेश सहनी समेत अन्य सदस्य शामिल हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हथियारबंद माओवादियों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी। उन्होंने तेलंगाना के निजामाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों, पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की हत्या करने वालों से कोई बातचीत नहीं हो सकती। गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवादियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान किया।

———बाईट———

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का कार्यान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय भी प्रदान करेगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

रेलवे टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए कई कदम उठा रहा है नई उन्नत आधुनिक यात्री आरक्षण प्रणाली वर्तमान लोड से 10 गुना अधिक लोड निपटाने के लिए तैयार की गई है। मंत्रालय ने कहा कि नई आरक्षण प्रणाली प्रति मिनट एक लाख 50,000 से अधिक रेल टिकट जनरेट करने में सक्षम है। यह 32,000 टिकट की वर्तमान क्षमता का लगभग 5 गुना अधिक है रेलवे आईआरसीटीसी वेबसाइट पर तत्काल टिकट बुक करने के लिए केवल प्रमाणित उपयोगकर्ताओं को अनुमति देगा। इसके लिए पहले जुलाई से मोबाइल ऐप शुरू होने जा रहा है। इस वर्ष जुलाई की समाप्ति से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित प्रमाण की सुविधा शुरू होगी। रेल मंत्री ने अधिकारियों को तत्काल टिकट बुकिंग के लिए प्रमाणीकरण तंत्र को व्यापक बनाने की निर्देश दिए हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रमाणीकरण उपभोक्ताओं के डिजिलॉकर अकाउंट में उपलब्ध आधार या किसी अन्य सत्यापन योग्य सरकारी आईडी का उपयोग करके किया जा सकता है। दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।

———————————————————————————

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक के रूप में याद किए जाने वाले आपातकाल की पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम–मीसा के अंतर्गत जेल में बंद लोगों को सम्मानित किया जाएगा। हमने वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त से बात की जिन्होंने आपातकाल के काले दिनों के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

———बाइट———

——————————————————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग – यूजीसी ने रैगिंग रोकथाम विनियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, तीन भारतीय प्रबंधन संस्थानों और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित देश के नवासी संस्थानों को नोटिस जारी किया है। रैगिंग संबंधी यूजीसी विनियम दो हजार नौ के अनुसार, इससे संबद्ध प्रत्येक संस्थान को छात्रों का अनुपालन आश्वासन और रैगिंग विरोधी आश्वासन पत्र जमा कराना आवश्यक है। नोटिस के अनुसार इन संस्थानों ने बार– बार कहने के बावजूद विद्यार्थियों से लिखित में अनिवार्य रैगिंग रोधी वचनबद्धता और संस्थानों से अनुपालन वचनबद्धता प्रस्तुत नहीं की है।

——————————————————————————————————————

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गया, बक्सर, अरवल और जमुई समेत बारह जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार इस दौरान रोहतास और औरंगाबाद समेत पांच जिलों में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत अन्य जिलों में अच्छी बारिश के समाचार हैं। इस अवधि में वैशाली जिले में छत्तीस दशमलव पांच मिलीमीटर, गोपालगंज में तीस दशमलव पांच और पटना में चौदह दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य से चौंतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है। विभाग के अनुसार उनतीस जून तक सामान्य तौर पर एक सौ पचास मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन अब तक लगभग सौ मिलीमीटर बारिश ही हुई है।

——————————————————————————————————————

प्रदेश के ग्यारह नगर निकायों में कचरे से बिजली बनायी जायेगी। नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा ने पटना में बिहार रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपो के समापन समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि पटना में बनने वाले प्लांट से पन्द्रह मेगावाट बिजली के साथ ही इथेनॉल और कम्पोजिट खाद का भी उत्पादन होगा। श्री मिश्रा ने कहा कि परियोजना की अनुमानित लागत पांच सौ तेरह करोड़

रूपये है। इसमें से तैंतीस प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार ने जारी कर दी है। शेष राशि पीपीपी मॉडल के तहत जुटाई जायेगी।

———————————————————————

प्रदेश में दलहन और तिलहन की सरकारी खरीद चल रही है। पच्चीस जून से शुरू हुई यह खरीद पन्द्रह जुलाई तक जारी रहेगी। किसान अपनी फसल को पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से निर्धारित एमएसपी पर बेच सकते हैं। इस वर्ष चना का समर्थन मूल्य पांच हजार आठ सौ पचास रूपये, मसूर छह हजार सात सौ रूपये और सरसों/राई का समर्थन मूल्य पांच हजार नौ सौ पचास रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। रैयत और गैर रैयत किसान अधिकतम चालीस क्विंटल तक फसल बेच सकते हैं।

———————————————————————

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठ और नौ के बच्चों के बीच प्रत्येक शनिवार को 'सुरक्षित शनिवार' के नाम से विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस संबंध में बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य योजना निदेशक मयंक वड़वड़े ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया है। इससे पहले विद्यालय शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित इन शिक्षकों को फोकल शिक्षक के नाम से जाना जाएगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए अंतिम तिथि में विस्तार किया है। इसके तहत अब विद्यार्थी तीन जुलाई तक नामांकन कर सकते हैं। इससे पहले यह तिथि अट्ठाईस जून तक निर्धारित थी। गौरतलब है कि प्रदेश के दस हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों में लगभग अठारह लाख सीटों पर नामांकन होना है।

———————————————————————

जमुई के पीयूष राज को उनके नवाचारी विचार के लिए पन्द्रह लाख रूपये का प्रोडक्ट डवलपमेंट अनुदान दिया गया है। पीयूष राज को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से आयोजित आइडिया हैकथॉन फोर प्वाइंट जीरो के तहत यह ग्रांट दी गयी है। गौरतलब है कि इस हैकथॉन के लिए देशभर के उनतीस हजार से अधिक नवाचारियों ने भाग लिया था। इनमें से चार सौ अट्ठासी प्रतिभागियों का चयन इनक्यूबेशन और वित्तीय सहायता के लिए किया गया।

———————————————————————————————

अब खबरें खेल जगत से..........

उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय अंडर ऐटीन कबड्डी चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने बालक और बालिका वर्गों में जीत हासिल की है। बालक वर्ग में बिहार ने तेलंगाना को अड़तालीस–पैंतीस जबकि बालिका वर्ग में प्रदेश की टीम ने पश्चिम बंगाल को उनचास–बाईस से पराजित किया।

गुजरात के भुज में चल रही चौवनवीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंड बॉल प्रतियोगिता में बिहार ने पहले लीग मैच में कर्नाटक को पच्चीस–तीन के अंतर से हरा दिया। पूल के ग्रुप ई में बिहार का अगला मैच पश्चिम बंगाल से होगा। इसके बाद टीम सुपर लीग में प्रवेश करेगी।

———————————————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार....

कटिहार जिले के कदवा प्रखंड स्थित धनगामा पंचायत के बिंदाबाड़ी आदिवासी टोला में खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी। हादसे में दो महिला समेत चार अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गए है।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में चार करोड़ छियानवे लाख वोटरों को नहीं देना होगा दस्तावेज। विपक्षी दलों के विरोध के बीच चुनाव आयोग ने दी जानकारी।

दैनिक जागरण लिखता है– सरकारी बैंकों से जुडेंगे ढ़ाई हजार पैक्स, पांच लाख तक मिलेगा लोन।

प्रभात खबर ने मॉनसून से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है–पूरे देश में नौ दिन पहले छाया मॉनसून पर बिहार में अब तक चौंतीस प्रतिशत कम बारिश।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– समस्तीपुर के पूसा में देश का पहला अन्तरराष्ट्रीय गन्ना अनुसंधान केन्द्र खुलेगा। राष्ट्रीय सहारा की प्रमुख खबर है– पुरी में रथयात्रा के दौरान भगदड़। तीन की मौत, पचास घायल। आज अखबार लिखता है– पटना एयरपोर्ट सबसे खतरनाक, डीजीसीए के निरीक्षण में खुलासा।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश की छह नगर पंचायतों में आम चुनाव और छत्तीस अन्य नगर निकायों में उपचुनाव के मतों की गणना जारी। पांच सौ अड़तीस उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– हथियारबंद माओवादियों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा तथा बांका जिले में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।